# एमएसएमई सेक्टर में 16 करोड़ लोगों को मिला रोजगार

## आउटरीच कार्यक्रम में बोले यूके बैंक के जीएम, सेक्टर जीडीपी में दे रहा तीस फीसदी का योगदान

माई सिटी रिपोर्टर

नोएडा। एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम) देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। कुल जीडीपी का 30 प्रतिशत योगदान एमएसएमई सेक्टर दे रहा है। देश के निर्यात में एमएसएमई की 40 प्रतिशत भागीदारी है। करीब 16 करोड़ लोगों को इस सेक्टर से रोजगार मिल रहा है। लेकिन चिंता की बात यह है कि देश में 6.5 करोड़ एमएसएमई में से केवल 3.5 करोड़ ही बैंकों से क्रेडिट ले रहे हैं।

इस बड़े अंतर को दूर करने और एमएसएमई सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए बैंकिंग सेक्टर काम कर रहा है। ये बातें सेक्टर-37 स्थित होटल के सभागार में आयोजित कार्यशाला में यूको बैंक एवं एमएसएमई इंडस्ट्रियल एसोसिएशन नोएडा और इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट के संयुक्त तत्वावधान में एमएसएमई आउटरीच प्रोग्राम को संबोधित करते हुए यूको बैंक के जीएम सुजॉय दत्ता ने कही। इस मौके पर एमएसएमई इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह नाहटा ने कहा कि एमएसएमई सेक्टर बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर पैदा करता है। यह सेक्टर विभिन्न उद्योगों में कुशल और अकुशल दोनों तरह के श्रमिकों के लिए रोजगार प्रदान करता। उन्होंने सेक्टर 9 और 10 में उद्योगों की सहूलियत के लिए बैंक की नई ब्रांच खोलने का सुझाव दिया।




सेक्टर-37 में उपभोक्ता मीट में जानकारी देते बैंक के पदाधिकारी। स्रोत : संगठन

इस मौके पर इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट नोएडा चैप्टर के अध्यक्ष सीए पवन चौहान, एमएसएमई एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष रमेश राठौर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुभाष शर्मा, सचिव अनिता मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रीना राणा,कानूनी सलाहकार अभिषेक कृष्णा,टैक्स सलाहकार मेहंदी हसन नकवी, वित्तीय सलाहकार आर्यन पुरी, समेत अन्य उद्यमी और बैंककर्मी मौजूद रहे।